जैसे हमने किसानों के लिए अलग बजट पेश किया था इस बार, एक मैसेज गया और किसानों को भी अच्छा लगा, हमने उनके लिए बजट अलोकेशन डबल कर दिए, उसी प्रकार हम चाहते हैं क्योंकि आने वाला कल युवाओं का है, उनके लिए मैं क्या कर सकता हूं, उस दिशा में हम लोग लगे हुए हैं। —— अशोक गहलोत, सीएम, राजस्थान

# महामाया माता की आरती के साथ हुआ फलहार

**ककरही (एसएनबी)।** उपनगर गोला के मेन चौक स्थित अति प्राचीन नगर देवी महामाया माता की आरती के साथ फलाहार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान नगर वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की गयी।

जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघन कसौधन के नेतृत्व में महामाया माता मंदिर में नगरवासियों के समृद्धि, विकास और खुशहाली के लिए महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर के सेवक विनोद जायसवाल व नृसिंह भगवान मंदिर के पुजारी सुशील दास ने महामाता मंदिर पर साफ-सफाई, विधिवत सजावट, पिंडी-मूर्ति श्रृंगार के बाद विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया था । तत्पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण हुआ । आरती के उपरांत भाजपा कैंप कार्यालय पर फलहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकपूर सिंह सैंथवार,मनोज कुमार उमर वैश्य, सभासद दीपक जायसवाल, आलोक पाण्डेय, विनय पाण्डेय, इमरान अंसारी, मार्कण्डेय उमर, उदय शंकर गुप्ता, अर्जुन सोनकर, ऋषि साहनी, राजकुमार हिन्दुस्तानी समेत सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहें।

# मायाराम की माया ने दर्शकों को किया आकर्षित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बंगाली समिति द्वारा आयोजित शारदीय उत्सव के चौथे दिन मंगलवार को महानवमी पर प्रातः काल देवी पूजन आरती पुष्पांजलि एवं भोग प्रसाद का वितरण किया गया। शाम को देवी आरती में श्रद्धालु भक्तिभाव से सम्मिलित हुए।

रात में संभव कला मंच द्वारा जयवर्धन लिखित एवं रवींद्र रंगधर निर्देशित हिंदी नाटक माया राम की माया का मंचन किया गया। इसमें रवींद्र रंगधर, आदित्य राजन, आकाश गौड़, विमलेन्दु, आदित्य राय, सूरज यादव, विकास, चन्दन, श्रेयांस, अरविंद, अमृत आनंद, हर्षित वर्मा, सौरभ, कुलदीप शर्मा ने अभिनय किया। मंच के पीछे सहयोग करने वाले थे राधेश्याम, सौरभ चौधरी, वादिनी यादव, आकाश, विमलेन्दु , अमृत आनंद, हर्षित, विपिन श्रीवास्तव और राजन श्रीवास्तव। मंच व्यवस्था एवं वस्त्र विन्यास सुन्दर रहा, परन्तु दर्शकों को ध्वनि व्यवस्था की कमी खलती रही।

**दुर्गाबाड़ी में शारदीय उत्सव के चौथे दिन देवी पूजन आरती पुष्पांजलि एवं भोग प्रसाद का वितरण किया गया**

### रेलवे बालक इंटर में हुआ नवमी पूजन

75वां वर्ष मना रहे एनई रेलवे दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में रेलवे बालक इंटर कालेज के प्रांगण में मंगलवार को महानवमी का पूजन व हवन विधि विधान से देवेंद्र पांड और पूजा समिति द्वारा संपन्न कराया गया।

महासचिव द्वारा शतचंडी यज्ञ का अंतिम हवन भी संपन्न हुआ और अरविंद चंद द्वारा विधि विधान से बलि का भी कार्य संपन्न कराया गया। दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संचालन एसएस राव अमृता मुखर्जी सपना मुखर्जी सत्यम पाल द्वारा किया गया। संध्या आरती प्रतियोगिता विनय चौधरी अमित तिवारी अजय सिंह सनी शर्मा ओमकार चक्रवर्ती अनमोल पांडे द्वारा संपन्न कराई गई। रात्रि में बूगी वूगी प्रतियागिता हुई। मीडिया प्रभारी देवेंद्र पांडे ने बताया कि मां की प्रतिमा का विसर्जन कार्य बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे पूजन से होगा। उसके बाद सिंदूर खेला जो एक बंगाली समिति का विशेष उत्सव होता है वह महिलाएं आपस में सिंदूर खेला को करेंगी। तत्पश्चात विसर्जन होगा।

# बकरा ले गये चोर

**पाली (एसएनबी)।** सहजनवा थाना अन्तर्गत पुलिस चौकी घघसरा के समीप घघसरा निवासी सोहन निषाद पत्नी बसंती अपने पूरे परिवार के साथ नहर पुलिया के पास मकान बनवाकर रहते हैं, जहां भैंस बकरी का पालन करते है।

बीती रात चोरों ने एक बकरे को उठा ले गए जिसकी कीमत करीब दस हजार रुपये की बतायी जा रही है। चोरी की लिखित सूचना बसंती देवी ने घघसरा चौकी पर दे दी है।

-: आवश्यकता है :- कालेज कोड-1111

**इण्टरमीडिएट कालेज रमपुरवा खजनी गोरखपुर में लिपिक श्रेणी/01 पद पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित है**

विज्ञापन संख्या परिषद-9/772 दिनांक 06-01-2022 द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में लिपिक श्रेणी/शिक्षणेत्तर पदों पर निर्धारित चयन प्रक्रिया के अक्षरशः अनुपालन के संबंध में शासन के पत्र संख्या-2058/15-05-2021-1600(359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 25-11-2021 द्वारा परिषद के विनियमों के अध्याय-3 (सेवा की शर्तें) के विनियम-101 में किये संशोधन के आलोक में शिक्षा निदेशक (मा.) उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक-डी.ई./2415-2527/2022-23 दिनांक 18 सितम्बर 2022 के द्वारा निर्धारित समयसारिणी में प्रदत्त निर्देशानुसार शिक्षा निदेशक (मा.) उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक-सा.(1) शि./वाद/....../5928-30/2022-23 दिनांक 29 सितम्बर 2022 द्वारा रिक्त लिपिक श्रेणी/शिक्षणेत्तर 01 पद अनारक्षित के इच्छुक अर्ह अभ्यर्थी से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

वेतन-5200-20200 ग्रेड-पे 2000

**आयु-** 01 जुलाई को 18 वर्ष अधितम 40 वर्ष (हाई स्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार) उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतम आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।

**शैक्षिक अर्हता-**

1. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग के द्वारा सम्पन्न कराई गयी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में 50 प्रतिशत एवं अधिकतम परसेंटाईल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। (PET) स्कोर से तात्पर्य आवेदन की तिथि पर उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की घोषित वैद्य स्कोर से है।
2. माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।
3. माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. के साथ-साथ केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर, विषय को लिया गया हो अथवा कम्प्यूटर संचालन का डोएक/निलिट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण-पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण-पत्र अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री अथवा कम्प्यूटर में उच्च योग्यताधारी यथा कम्प्यूटर में डिप्लोमा, डिग्री, पी.जी.डी.सी.ए., बी.सी.ए, एम.सी.एम. तथा ग्रेजुएशन अथवा उच्च डिग्री (बी.ए., बी.एस.सी., बी.टेक, एम.एस.सी., एम.बी.ए.) में कम्प्यूटर के रूप में अथवा एक सेमेस्टर में कम्प्यूटर कोर्स धारित।
4. कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट

**आवेदन शुल्क-** अनारक्षित (सामान्य)/अन्य पिछड़ा वर्ग रुपया-750.00 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति/ई..डब्लू.एस. रुपया-500.00 (नोट-आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर एवं एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से संस्था प्रबंधक के पद नाम से संचालित खाते में जमा किया जायेगा)।

**अन्तिम तिथि-** 27 अक्टूबर 2022 अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विद्यालय को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करेगा तथा उसकी छायाप्रति जिला विद्यालय निरीक्षक, गोरखपुर कार्यालय के ई.मेल आई.डी.- diosgkp@gmail.com पर प्रेषित करेगा, अन्य किसी प्रकार से प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अभ्यर्थियों के चयन हेतु शैक्षिक/अन्य अर्हता शासनादेश 25-11-2021 में प्राविधानित नियमों/निर्देश के अनुरूप होगा तथा अभ्यर्थी को साक्षात्कार/टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

PR.733 **प्रबन्धक- इण्टर कालेज रमपुरवा खजनी, गोरखपुर**

# देवी गीतों पर रातभर झूमते रहे श्रद्धालु

**बेलघाट (एसएनबी)।** श्री श्री त्रिपुर सुंदरी माता मंदिर बेलघाट के प्रांगण में सोमवार की रात में आयोजित जागरण में सुर संग्राम के विजेता मनोहर सिंह,विनोद यादव एवं साक्षी श्रीवास्तव के देवी गीतों पर रात भर श्रद्धालु झूमते रहे।



जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए खजनी भाजपा विधायक श्रीराम चौहान ने कहा कि नवरात्र हिंदू धर्म के लिए सबसे महत्वपूर्ण पर्व है नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाती है जिससे माता रानी खुश होकर परिवार को खुशहाली एवं समृद्धि प्रदान करें उन्होंने कहा ऐसे मौकों पर भक्ति जागरण का आयोजन करना एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य है गायक मनोहर सिंह द्वारा राम नाम जपते रहो जब चलती है मैया बघवा पर सवार होकर निमिया के डार मैया झुलेली झुलनवा,जुबां पर राधे राधे नाम हो जाए,गायक विनोद यादव द्वारा आवे के परी ऐ मैया आवे के पड़ी, बजरंगबली ने बजा दिया लंका में डंका, गायिका साक्षी श्रीवास्तव ने बम भोले बम भोले बम बम बम, बांके बिहारी तेरे काले काले नैना सहित तमाम भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया ।

जागरण कार्यक्रम के आयोजन में विनय कुमार शाही, राहुल शाही, दीपक मोदनवाल, गोलू वर्मा, अशोक बेलदार, मिंटू शाही, चंचल शाही सहित तमाम लोगों ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

# महारानी दुर्गावती जयंती आज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला इकाई के तत्वावधान में विजयादशमी के उपलक्ष्य में 5 अक्टूबर को शस्त्र पूजन व महारानी दुर्गावती जयंती कार्यक्रमका आयोजन सुबह 10.30 बजे तारामंडल रोड स्थित क्षत्रिय भवन प्रताप सभागार में किया गया है। यह जानकारी महानगर महामंत्री इंद्रजीत सिंह चंदेल ने दी है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं.: 1, निविदा सूचना संख्याः ई-निविदा-एल-13-22-23, ई-निविदा का नाम (हिन्दी):** कोचिंग डिपो बनारस बेस्ड मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री के उन्नयन से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत : 2158402.12, अमानत राशि : 43200.00, कार्य समापन का समय : 120 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय : 26.10.2022, 15.00 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 26.10.2022, 15.30 बजे। क्रम सं.: 2, निविदा सूचना संख्याः ई-निविदा-एल-14-22-23, ई-निविदा का नाम (हिन्दी):** कोचिंग डिपो छपरा बेस्ड मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री के संवर्धन और उन्नयन से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत : 2907355.78, अमानत राशि : 58200.00, कार्य समापन का समय : 120 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समय : 26.10.2022, 15.00 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 26.10.2022, 15.30 बजे।**

उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदा में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/**
**मुजाधि/विद्युत-87 सा./वाराणसी**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोतर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.-1, ई-प्रापण निविदा संख्या-** उप मु0इं0-नि0-1-जीकेपी-एस0-04-2022 दिनांक 31.10.2022, **कार्य का नाम-** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी एवं गोरखपुर वायॉ लालगंज एवं आजमगढ़ के मध्य नई लाइन हेतु (195.910 किमी0) खण्ड का फाइनल लोकाशन सर्वेक्षण साथ में एलाइमेन्ट लेवलिंग जीओ टेक्नीकल इनवेस्टीगेशन, हाइड्रोलॉजीकल इनवेस्टीगेशन, प्लान तैयार करना एवं एल0एक्स0 सेक्शन, पुल हेतु जनरल अरेंजमेन्ट ड्राइंग (जी0ए0डी0) इत्यादि के लिए ड्रोन बेस्ड फोटोग्रामेटिक/लाइडर द्वारा सर्वे का कार्य एवं विस्तृत परियोजना रिर्पोट तैयार करना। **अनुमानित निविदा मूल्य (₹): 2,42,80,695.53, बयाना राशि (₹): 271400.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹): --, कार्य पूर्ण करने की अवधि- 80 (अस्सी) दिन।**

• बिड प्रारम्भ करने की तिथि- दिनांक **17.10.2022** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि-दिनांक **31.10.2022 15.00** बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक **31.10.2022 15.30** बजे, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**उप मुख्य इंजीनियर/**
**मुजाधि/डब्लू-186 निर्माण-1/जीकेपी/गोरखपुर**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो0. 09794845955 पर SMS करें।**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन "खुली" ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

**ई-निविदा संख्या :** NER-LJN-2022-123, **कार्य का नाम :** (1) गोंडा–बाराबंकी अनुभाग: सेस रिपेयर कार्य कुल 23.20 ट्रैक किमी., (2) गोंडा–बाराबंकी अनुभाग तथा किमी. 644/0-652/0 अप लाइन में सेस रिपेयर एवं चौड़ीकरण कार्य। **अनुमानित लागत** (₹) : 5,82,30,414.17, **अग्रिम धन** (₹) : 4,41,200.00, **समापन अवधि** : 08 माह। **ई-निविदा संख्या :** NER-LJN-2022-124, **कार्य का नाम :** सहायक मंडल इंजीनियर/पश्चिम/गोरखपुर के अधीन गोरखपुर–आनन्दनगर–नौतनवां अनुभाग के मध्य सेस रिपेयर कार्य। **अनुमानित लागत** (₹) : 1,92,75,272.21, **अग्रिम धन** (₹) : 2,46,400.00, **समापन अवधि** : 08 माह।

**1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2022-123-124 के लिए ई–निविदा दिनांक 26.10.2022 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-185 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

# अवधूत छबीले राम ने किया कन्या व भैरव पूजन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नवमी के दिन मंगलवार को आश्रम अघोर पीठ में प्रात काल से ही भक्तों का आना जाना प्रारंभ हो गया। आश्रम के होने वाले नित्य के सभी कार्यक्रमों के साथ ही साथ सर्वप्रथम पीठ प्रमुख गुरुदेव अवधूत छबीले राम ने नवमी हवन एवं आरती संपन्न किया। उनके हवन करने के बाद उपस्थित भक्तों ने भी हवन आरती किया।

हवन के बाद आश्रम अघोर पीठ के उपाध्यक्ष डा. रूप कुमार बनर्जी एवं अन्य भक्तों ने मिलकर अपने गुरु का मातृ रूप में महाश्रृंगार कर उनकी भव्य आरती उतारी। तत्पश्चात पीठ प्रमुख अवधूत छबीले राम ने नौ देवियों के रूप में नौ कन्याओं एवं बटुक भैरवनाथ का पाद प्रक्षालन कर उनको ससम्मान आसन पर बैठाया तथा उन्हें अपने हाथ से भोजन परोसकर खिलाया। प्रत्येक को यथोचित दक्षिणा भी प्रदान किया। उनके बाद उपस्थित तमाम भक्तों ने नौ कन्याओं एवं बटुक भैरव नाथ जी का पूजन किया। दोपहर में विशाल सहभोज का आयोजन किया गया।

सायं काल भजनांजली कार्यक्रम में आश्रम के कई भक्तों ने महाप्रभु एवं माता के सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। संध्या आरती एवं पुनः सहभोज के पश्चात कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

**कार्यालय : गंगा प्रसाद इण्टर कालेज, मझगांवा देवरिया**

शासन के पत्र संख्या-2058/15-05-2021-1600(359)/2014 दिनांक 25-11-2021 के अनुपालन में गंगा प्रसाद इण्टर कालेज, मझगांवा, देवरिया में सामान्य श्रेणी के एक सहायक लिपिक पद की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पद का नाम-सहायक लिपिक, वेतनमान-5200-20200, न्यूनतम अर्हता-इंटरमीडिएट, त्रिपल सी., टंकण के साथ PET में 50 प्रतिशत से अधिक पर्सेन्टाइल स्कोर, आयु सीमा- 18 वर्ष से 40 वर्ष, शासन के नियमानुसार आरक्षण में आयु में छूट। आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक से विद्यालय के पते पर व उसकी छाया प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के ईमेल आईडी diosdeoria@gmail.com पर 27.10.2022 तक सायं 05 बजे तक भेजें। **-प्रबंधक**

**अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में लिपिक भर्ती हेतु ऑफलाइन आवेदन पत्र**

1. आवेदित संस्था का नाम : ..........
2. अभ्यर्थी का नाम : ..........
3. पिता/ पति का नाम : ..........
4. माता का नाम : ..........
5. जन्म तिथि : ..........
6. लिंग- महिला ☐ / पुरुष ☐
7. वर्ग- सामान्य ☐ / अन्य पिछड़ा वर्ग ☐/ अनुसूचित जाति☐ / अनुसूचित जनजाति ☐/ दिव्यांग ☐
8. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग - हां ☐/ नहीं ☐
9. क्या आप विवाहित है- हां ☐ / नहीं ☐
10. क्या आप उत्तर प्रदेश के निवासी हैं- हां ☐ / नहीं ☐
11. गृह जनपद का नाम : ..........
12. गृह राज्य का नाम : ..........
13. मोबाइल नं. : ..........
14. ई मेल : ..........
15. शैक्षिक योग्यता :

| क्र.सं. | योग्यता | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल | | | | | | |
| 2. | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 3. | स्नातक | | | | | | |

16. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित PET परीक्षा का विवरण-
पंजीकरण संख्या : .......... अनुक्रमांक : ..........
वास्तव स्कोर : .......... नार्मलाइज्ड स्कोर : ..........
परसेन्टाइल स्कोर : ..........
17. कम्प्यूटर संचालन का डोयक/ निलिट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण-पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण-पत्र का विवरण : ..........
18. कम्प्यूटर टंकण की गति हिन्दी भाषा में 25 व अंग्रेजी भाषा में 30 शब्द/ मिनट है अथवा नही
19. स्थायी पता : ..........
20. अस्थायी पता/ पत्र-व्यवहार का पता : ..........
21. रू. 750 के पोस्टल आर्डर/ बैंक ड्राफ्ट सामान्य व ओबीसी तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति व ईडब्ल्यूएस के लिए रू. 500 का बैंक ड्राफ्ट
22. घोषणा-
1. मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/ करती हूं कि उक्त समस्त प्रमाण मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/ करती हूं कि मैंने विज्ञापन के अनुसार सभी नियम व शर्तें पढ़ ली है और मैं इसे स्वीकार करता/ करती हूं।
2. मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/ करती हूं कि इस आवेदन में की गयी सभी प्रविष्टियां/ विवरण पूर्ण और सही है। यदि उक्त आवेदन में कोई तथ्य गोपन किये गये हैं तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

नोट- उक्त समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न की जाय।

दिनांक : .......... अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

**प्रधानाचार्य** गंगा प्रसाद इण्टर कालेज, मझगांवा, देवरिया — **प्रबन्धक** गंगा प्रसाद इण्टर कालेज, मझगांवा, देवरिया

PR-30

# सिंगापुर में लोक गायक राकेश के देवी गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**ककरही (एसएनबी)।** शारदीय नवरात्र की देश ही नही वरन विदेशों में भी धूम है। जहां भारतीय विधि विधान से देवी पूजा के साथ ही माता के जागरण कार्यक्रम का आयोजन कर धूम धाम से नवरात्रि उत्सव मना रहें। इसी कड़ी में नवरात्र पर्व पर सिंगापुर के आर्य समाज मंदिर में नवरात्रि उत्सव मनाते हुए गोरखपुर- देवरिया के लाल लोक गायक राकेश उपाध्याय ने माता का जागरण किया। जहां उनके मधुर देवी गीतों पर अप्रवासी भारतीय श्रद्धालु रात भर माता के भजनों में गोता लगाते हुए झूमते रहे।

**सिंगापुर के आर्य समाज मंदिर में मनाया जा रहा नवरात्रि उत्सव व माता का जागरण**

सिंगापुर उत्तर भारतीय हिन्दू सभा श्री शिव दुर्गा मंदिर भारतीय भवन की ओर से आर्य समाज सिंगापुर में प्रवासी बंगाली एसोसिएशन के सहयोग से नवरात्र उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा। तथा इस कमेटी के तत्वाधान में ही शनिवार की रात आर्य समाज मंदिर में माता के जागरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग के शिव जी तिवारी ने बतौर मुख्य अतिथि माता जागरण प्रस्तुति के लिए पहुंचे लोक गायक राकेश उपाध्याय का रामनामी पट्टिका व चुनरी भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही आयोजन समिति के सदस्य व संस्था अध्यक्ष बृजेश कुमार शुक्ल व उपाध्यक्ष केके पाण्डेय तथा



सचिव अनूप कुमार पाण्डेय और सदस्य अप्रवासी भारतीय उमेश कुमार यादव ने लोकगायक को चुनरी भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। तदोपरांत लोक गायक राकेश ने विधि विधान से देवी मां की पूजा के उपरांत अपने मधुर स्वरों में निमिया के डार मईया(पचरा), जगदम्बा भवानी आईं मोरे अंगना आदि देवी भजन की प्रस्तुति कर सबको भाव विभोर कर दिया।

# धान के खेत में मिला युवक की लाश, हत्या की आशंका

**सोनबरसा (एसएनबी)।** चौरीचौरा क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग मे मंगलवार को सुबह रामलखन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बगल मे धान के खेत में लगे पानी में युवक की लाश पायी गई है। सूचना पाकर सोनबरसा चौकीप्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

मृत युवक की पहचान रामपुर बुजुर्ग निवासी रमेश पासवान(45)पुत्र परदेशी पासवान के रुप मे हुई।परिजनों ने बताया की मृत युवक शराबी और झटका की बीमारी था।आशंका जताया जा रहा है की युवक नशे की हालत मे सड़क से पानी भरे धान के खेत मे गिर गया।जिससे उसकी मौत हो गयी।

सूचना पाकर सोनबरसा चौकी की पुलिस मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृत युवक दो पुत्र बब्लू(18)विकलांग व अविनाश(14)व एक पुत्री बब्ली (24) का पिता था।इनके पुत्री की शादी हो गयी है।मृत युवक मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन चलाता था।

# जनवादी लेखक संघ ने जताया शोक

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जनवादी लेखक संघ, गोरखपुर ने वरिष्ठ कथाकार व जलेस के राष्ट्रीय संरक्षक मंडल के सदस्य शेखर जोशी की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनकी मृत्य की खबर मिलने के तत्काल बाद एक शोक सभा आयोजित हुई जिसमें वक्ताओं ने कथा साहित्य में उनके बड़े योगदान को याद करते हुए कहा कि वह नई कहानी आंदोलन की उस धारा के कथाकार थे जो ग्रामीण जीवन यथार्थ को व्यक्त करती थी। भैरव प्रसाद गुप्त, मार्कण्डेय अमर कांत, भीष्म साहनी आदि के साथ शेखर जोशी भी उसमें शामिल थे।

वक्ताओं ने कहा कि वह निम्न एवं मध्य वर्ग के अति संवेदनशील तथा प्रगतिशील मूल्यों के प्रभावी प्रवक्ता कथाकार हैं। वक्ताओं में जयप्रकाश मल्ल, प्रमोद कुमार, वेद प्रकाश, देवेंद्र नाथ द्विवेदी, महेंद्र नाथ श्रीवास्तव, ओंकारनाथ त्रिपाठी, वीरेंद्र मिश्र दीपक आदि शामिल थे।

# आस्था के दरबार में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** नवरात्र के अंतिम दिन मंगलवार को देवी दुर्गा के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने मां के दरबार मे मत्था टेक कर परिवार की मंगल कामना की।

इस दौरान गोला क्षेत्र के भरसी बुजुर्ग गांव में दुर्गा मूर्ति के स्थान पर आचार्य पं. विगेश पाण्डेय, आचार्य संदीप पाण्डेय द्वारा 108 दीपक से महाआरती किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सूर्य कांत मिश्र, उपाध्यक्ष शिवम मिश्र, अविनाश मिश्र, अनुराग मिश्र, अनुभव मिश्र अंकित मिश्र, भीम मिश्र, घनश्याम मिश्र ,उत्कर्ष मिश्र, राजू मिश्र, विष्णु मिश्र उपस्थित थे। क्षेत्र के कई स्थानों पर मेला एवं देवी जागरण का भी आयोजन किया गया। वहीं वत धारियों ने हवन पूजन पूर्णाहुति दे कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया तो पूरोहितों को दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया।

**कन्या भोजन के साथ संपन्न हुई नवमी की पूजा**

**कई स्थानों पर लगे मेले, देवी जागरण**

**भरसी बुजुर्ग में आचार्य द्वारा 108 दीपको से हुई महाआरती**

शारदीय नवरात्र के नवमी पर मंगलवार को जनपद के दक्षिणांचल में श्रद्धा और विश्वास के साथ देवी मां सिद्धिधात्री के दर्शन के लिए क्षेत्र मे स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं की तरफ उमड़ पड़े। मंदिरों से लेकर घरों में पूरे दिन पूजा पाठ का दौर चलता रहा। इस दौरान महिलाओं ने मां का दर्शन किया और नारियल चुनरी चढ़ा कर मंगल कामना की। अंतिम दिन वतियों द्वारा हवन पूजन कर मां दुर्गा के नौ रूपों में कन्याओं की पूजा की और उन्हें हलवा, पूड़ी, खीर खिला कर सामर्थ्य के अनुसार दान दिया गया।

# रंगबिरंगी लाइटों से सजने लगी मस्जिदें, इस्लामी झंडों की खूब हो रही बिक्री

**गोरखपुर (एसएनबी)।** इस रविवार को पड़ने वाले ईद मिलादुन्नबी त्योहार की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर की तमाम मस्जिदें रंगबिरंगी लाइटों व इस्लामी झंडों से सजाई जा रही हैं। मुस्लिम बाहुल्य गली मोहल्लों को इस्लामी झंडों व रंगबिरंगी झंडियों से सजाने की तैयारी चल रही है। शनिवार को ईद मिलादुन्नबी त्योहार की पूर्व संध्या पर जगह-जगह महफिल व जलसे होंगे। रविवार की सुबह से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। जिसका सिलसिला देर रात तक चलता रहेगा।

ईद मिलादुन्नबी पर निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान अकीदतमंदों के जरिए इस्तेमाल में लाए जाने वाले इस्लामी झंडे, बिल्ले, अमामा शरीफ, रंगबिरंगी झंडिया, बैज आदि की बिक्री तेज हो गई है। शहर के अलग-अलग बाजारों में जुलूस-ए-मोहम्मदी से संबंधित सामानों की बिक्री जोर-शोर से जारी है। सजावटी सामनों के लिए मशहूर नखास चौक इन दिनों इस्लामिक झंडों, रंगबिरंगी झंडियों और बैनरों से पटा पड़ा है। यहां की दुकानों में पांच रूपये से लेकर डेढ़ सौ रूपये तक के झंडे, बैनर व अन्य सजावटी सामान उपलब्ध है। नखास पर जमाल बुक डिपो आदि पर जुलूस-ए-मोहम्मदी में इस्तेमाल होने वाले सामानों की बिक्री का सिलसिला जारी है। अली अहमद अत्तारी, मोहम्मद अख्तर आलम, अली गजनफर शाह ने बताया कि अन्य जिलों से भी लोग गोरखपुर खरीदारी करने आ रहे हैं। ईद मिलादुन्नबी करीब होने की वजह से बिक्री में तेजी है। वहीं जुलूस में शामिल होने वाले प्रसिद्ध मस्जिदों व मकबरों के माडल बनाने के काम में तेजी आ गई है।

**ईद मिलादुन्नबी**

नायब काजी मुफ्ती मोहम्मद अजहर शम्सी ने बताया कि हजरत आदम अलैहिस्सलाम से लेकर आखिर रसूल-ए-पाक हजरत मोहम्मद सअव तक जितने भी नबी व रसूल इस दुनिया में आये, वह सब इंसानों को तौहीद, एकता और इंसानियत की दावत देने के लिए आए। आखिरी रसूल-ए-पाक हजरत मोहम्मद सअव पूरी दुनिया के लिए रहमत बनकर आए। आपने इंसानों को उसके हकीकी मालिक से मिलाया। रसूल-ए-पाक पर नाजिल होने वाली किताब कुरआन-ए-पाक भी एक विशेष कौम व मिल्लत के लिए नहीं बल्कि उसमें सभी इंसानों के लिए अल्लाह का संदेश है व हिदायत है। ईद मिलादुन्नबी त्योहार में सभी को शामिल करें। अमन शांति से त्योहार मनाएं। मोहब्बत का पैग़ाम करें। जलसा, महफिल-ए-मिलादुन्नबी के जरिए रसूल-ए-पाक की तालीम को आम करें।

**श्री गांधी इण्टर कालेज, हरपुर बुदहट, गोरखपुर - 273209**

**विज्ञप्ति**

विज्ञापन संख्या परिषद–9/772 दिनांक 06.01.2022 द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में लिपिक श्रेणी/शिक्षणेत्तर पदों पर निर्धारित चयन प्रक्रिया के अक्षरशः अनुपालन के संबंध में शासन के पत्र संख्या–2058/15–05–2021–1600 (359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–5, लखनऊ दिनांक 25.09.2021 द्वारा परिषद के विनियमों के अध्याय–3 (सेवा की शर्तें) के विनियम–101 में किए गये संशोधन के आलोक में शिक्षा निदेशक, (मा०) उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक–डी०ई०/2415–2527/2022–23 दिनांक 18 सितम्बर 2022 के द्वारा निर्धारित समयसारिणी में प्रदत्त निर्देशानुसार शिक्षा निदेशक (मा०) उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक– सा0(1) शि0/वाद/5919–21/2022–23 दिनांक 29 सितम्बर 2022 द्वारा रिक्त लिपिक श्रेणी शिक्षणेत्तर पद 01 (एक) अनारक्षित के इच्छुक अर्ह अभ्यर्थी से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

**वेतन–** 5200–20200 ग्रेड–पे 2000

आयु 01 जुलाई को 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष (हाई स्कूल प्रमाण–पत्र के अनुसार) उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतम आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।

**शैक्षिक अर्हताः–**

1– उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग के द्वारा सम्पन्न कराई गई प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में 50 प्रतिशत एवं अधिकतम् परसेंटाईल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। (PET) स्कोर से तात्पर्य आवेदन की तिथि पर उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की घोषित वैध स्कोर से है।

2– माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो ।

3– माध्यमिक शिक्षा परिषद् उ०प्र० के साथ–साथ केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर विषय को लिया गया हो अथवा कम्प्यूटर संचालन का डोएक/निलिट द्वारा प्रदत्त सी०सी०सी० प्रमाण–पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री अथवा कम्प्यूटर में उच्च योग्यताधारी यथा कम्प्यूटर में डिप्लोमा, डिग्री, पी०जी०डी०सी०ए०, बी०सी०ए०, एम०सी०एम० तथा ग्रेजूएशन अथवा उच्च डिग्री (बी०ए०, बी०एस०सी०, बी०टेक, एम०एस०सी० एम०बी०ए०) में कम्प्यूटर के रूप में अथवा एक सेमेस्टर में कम्प्यूटर कोर्स धारित।

4– कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रतिमिनट।

**आवेदन–शुल्क–** अनारक्षित (सामान्य)/अन्य पिछड़ा वर्ग रूपया–750.00, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति/ई0डब्लू0एस0 रूपया–500.00 (नोट–आवेदन शुल्क बैकड्राप्ट/पोस्टल आर्डर एवं एन०ई०एफ०टी० के माध्यम से संस्था प्रबंधक के पद नाम से संचालित खाते में जमा किया जायेगा)।

**अन्तिम तिथि–** 27 अक्टूबर 2022 अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विद्यालय को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करेगा तथा उसकी छायाप्रति जिला विद्यालय निरीक्षक, गोरखपुर कार्यालय के ई० मेल आई.डी.– diosgkp@gmail.com पर प्रेषित करेगा, अन्य किसी प्रकार से प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अभ्यर्थियों के चयन हेतु शैक्षिक/अन्य अर्हता शासनादेश 25.11.2021 में प्राविधानित नियमों/निर्देश के अनुरूप होगा तथा अभ्यर्थी को साक्षात्कार/टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**भवदीय**
**तारकेश्वर प्रसाद शुक्ल**
**प्रबन्धक**
**मो. 9415197945**